हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शनिवार, 1 मार्च 2025

11 अवैध खनन को लेकर प्रशासन सतर्क



12 आठवीं कक्षा में सक्षम, सोनाक्षी व रीत की टीम ने मारी बाजी



## खबर संक्षेप

### रिटायर्ड कर्मचारी संगठन का त्रिवार्षिक चुनाव तीन को

**भिवानी।** रिटायर्ड कर्मचारी संगठन के भिवानी जिले का जिला व ब्लाक स्तर त्रिवार्षिक चुनाव तीन को 10 बजे बस स्टैंड प्रांगण में होगा, जिसमें राज्य कार्यकारिणी की ओर से प्रेमसिंह सैनी, रणसिंह श्योराण, जलकरण बल्हारा पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहेंगे।

### निरंकारी संत समागम का आयोजन कल होगा

**भिवानी।** सेठ किरोड़ीमल पार्क के नजदीक स्थित प्रेक्षा विहार में संत निरंकारी मिशन द्वारा रविवार को विशाल निरंकारी संत समागम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंबई से पधारे महान कर्मयोगी संत प्रकाश जोशी करेंगे। इस अवसर पर भिवानी चरखी दादरी जिले के निरंकारी श्रद्धालु शामिल होंगे।

### सांसद कल सुनेंगे लोगों की समस्याएं

**तोशाम।** 2 मार्च को तोशाम में भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह आमजन की समस्याएं सुनेंगे। धर्मसेना जिला अध्यक्ष मा. अश्विनी, जिला महामंत्री सुनील सुरा, रोशन यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि लोकसभा सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह 2 मार्च को प्रातः 11 बजे स्थानीय लोक निर्माण विश्रामगृह में ब्लॉक तोशाम के गांवों की जन समस्याएं सुनेंगे। इस कार्यक्रम में सभी विभागों के अधिकारी मौके पर उपस्थित रहेंगे।

### संस्थागत बायोगैस प्लांट पर40 प्रतिशत अनुदान

**चरखी दादरी।** नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा गौशालाओं, संस्थाओं और डेयरियों में संस्थागत बायोगैस प्लांट लगाने पर 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है। पर्यावरण को दूषित होने से बचाने और प्राकृतिक खेती के लिए प्राकृतिक खाद तैयार करने में बायोगैस प्लांट सहायक सिद्ध होगा। बायोगैस का उपयोग खाना बनाने, पानी गर्म करने, घरेलू बिजली उत्पादन, पशुओं के लिए आहार तैयार करने में किया जा सकता है। गौशालाओं के लिए यह योजना काफी लाभदायक है इसलिए ज्यादा से ज्यादा लाभ लेना चाहिए।

### जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता कल

**चरखी दादरी।** गांव हंसावास खुर्द स्थित वाइब्रेंट इंटरनेशनल स्कूल में दो मार्च को जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन सोनीपत में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा। एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन हरियाणा के चरखी दादरी जिला महासचिव नसीब जांघू ने शुक्रवार को बताया कि जिला स्तरीय सीनियर कबड्डी नेशनल व सर्कल महिला और पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन हंसावास खुर्द के वाइब्रेंट इंटरनेशनल स्कूल में दो मार्च रविवार को सुबह 9 बजे से होगा, जिसमें पुरुष वर्ग का भार 85 किलोग्राम व महिला वर्ग का भार 75 किलोग्राम होगा।

### दसवीं के बच्चों का गणित का पेपर नहीं हुआ पूरा

**बवानीखेड़ा।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षा में गणित विषय का पेपर काफी लैंथी होने व समय का आभाव होने को लेकर विद्यार्थियों के चेहरों पर मायूसी देखी गई। विद्यार्थियों ने शिक्षा बोर्ड से पेपर में ग्रेस मार्क्स या दोबारा परीक्षा करवाने की गुहार लगाई। श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों में हिमांशु, नीरज, समीर, हेमंत, मानसी, राखी, तनीषा आदि ने बताया कि उन्होंने अपनी पूरी तैयारी की और परीक्षा देने के लिए सेंटर पर पहुंचे लेकिन पेपर उनके सिलेबस से बाहर और काफी लैंथी थी। वहीं उन्होंने परीक्षा शीट को भी पूरा भर दिया लेकिन अतिरिक्त शीट मौजूद स्टाफ द्वारा मुहैया नहीं कराई गई।

# जिला बार एसोसिएशन चुनाव : संदीप तंवर 199 वोटों से जीते , बने प्रधान

## संदीप को 819 तथा हरेंद्र भालोटिया को 620 मत मिले, रेणू बाला उप प्रधान बनीं





**भिवानी।** चुनावी रिजल्ट घोषित होने से पहले इंतजार में खड़े अधिवक्ता और जीत के बाद नवनिर्वाचित प्रधान संदीप को फूलों की माला पहनाकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

शुक्रवार को हुए जिला बार एसोसिएशन के चुनावों में प्रधान पद पर संदीप तंवर ने अपने प्रतिद्वंदी अधिवक्ता को 199 मतों के अंतर से हरा दिया। नव निर्वाचित प्रधान संदीप तंवर को 819 मत मिले,जबकि हरेंद्र भालोटिया को 620 मतों पर संतोष करना पड़ा। वहीं उपप्रधान पद पर रेणू बाला को 795 तथा मुकेश को 630 वोट मिले। उप प्रधान पद पर रेणू बाला को विजयी घोषित किया गया। सुबह नौ बजे मतदान शुरू हुआ और शाम चार बजे तक चलता रहा।

शुरू में मतदान प्रक्रिया थोड़ी सी धीमी रही,लेकिन दिन चढने के साथ साथ मतदान प्रक्रिया ने गति पकड़ ली। शाम तक 1443 अधिवक्ताओं ने अपने मतों का प्रयोग किया। देर शाम आए चुनावी नतीजों में प्रधान पद पर अधिवक्ता संदीप तंवर को 819 वोट मिले,जबकि अधिवक्ता हरेंद्र भालोटिया को 620 वोट मिले। संदीप तंवर को 199 मतों से विजयी घोषित किया गया। चार मत रदद् हो गए। इसी तरह वाइस चेयरमैन पद के लिए रेणू बाला को 795 वोट मिले,जबकि मुकेश अग्रोहिया को 630 मत मिले। उप प्रधान पद पर पड़े मतों में 18 मत रद्द हो गए। 165 मतों के अंतर से रेणू बाला को विजयी घोषित किया गया। सचिव पद के लिए विनोद भारद्वाज को 734, संदीप बोदलिया को 345,ज्योति को 140 तथा प्रिया लेघा को 210 वोट मिले। विनोद को 379 वोटों के अंतर से विजयी घोषित कर दिया। 14 वोट रद्द हो गए। इसी तरह कोषाध्यक्ष पद पर कंचन रहेजा ने मनोज हजारी को 41 वोट के अंतर से हराया। कंचन रहेजा को 731 तथा मनोज हजारी को 690 वोट मिले,जबकि 22 वोट रद्द हो गए। उक्त जानकारी चुनाव कमेटी के चेयरमैन अधिवक्ता विनोद तंवर व अन्य पदाधिकारियों ने दी।



### विजेताओं को दी बधाई

चुनाव कमेटी के चेयरमैन अधिवक्ता विनोद तंवर, आरओ विकास बुडानिया, पर्यवेक्षक ओम परमार व चुनावी कमेटी में शामिल वरिष्ठ अधिवक्ता चरण सिंह दहिया ने विजयी पदाधिकारियों को जीत बधाई दी।



**भिवानी।** लोहारू बार एसोसिएशन के चुनावों में जीत के बाद खुशी जताते नवनियुक्त पदाधिकंारी और अधिवक्ता। फोटो : हरिभूमि

# राजेश भारद्वाज 12 वोटों से जीतकर प्रधान बने

हरिभूमि न्यूज ▶▶। लोहारू

शुक्रवार को लोहारू बार एसोसिएशन के प्रधान, उपप्रधान, सचिव, सह सचिव और कोषाध्यक्ष के पद के चुनाव शांतिपूर्वक संपन्न हुए। चुनावों में कुल 159 मतदाताओं में से 151 ने अपने मत का प्रयोग किया। कड़े मुकाबले के बीच राजेश भारद्वाज ने 12 मतों से जीत दर्ज की। राजेश भारद्वाज को 81 तथा उनके प्रतिद्वंद्वी अनिल कादियान को 69 वोट मिले। चुनाव समिति के चेयरमैन एडवोकेट कल्याण सिंह, विनोद कुमार और विजेंद्र लौर ने नई कार्यकारिणी और शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न होने पर सभी अधिवक्ताओं को बधाई दी।

चुनाव अधिकारियों ने बताया कि लोहारू बार एसोसिएशन के चुनावों में 160 में से 151 वोट डाले गए थे, जिनमें प्रधान पद के उम्मीदवार राजेश भारद्वाज को 81 वोट तथा प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार अनिल कादियान को 69 वोट हासिल हुए, जबकि एक वोट रद घोषित हुआ। सचिव पद के चुनाव में एडवोकेट विकास श्योराण को 81 व एडवोकेट प्रियंक महला को 70, सहसचिव पद के उम्मीदवार एडवोकेट मनोज कुमार को 77 और शशिकांत को 73 वोट मिले व एक वोट रद हुआ। वहीं उपप्रधान पद के उम्मीदवार एडवोकेट कुलदीप मान को 84, सुभा चंद को 67, रामनिवास सैनी 79 व राहुल श्योराण को 72 वोट मिले। भारद्वाज के प्रधान चुने जाने पर एडवोकेट विनोद श्योराण, एडवोकेट सुरेंद्र ओबरा, एडवोकेट संजय नेहरा, राजीव दीक्षित, एडवोकेट संदीप बुढ़ेड़ा, राजीव आनंद, एडवोकेट राहुल शर्मा, नरेश शेखावत, अमित शर्मा, मनोज ठोलिया, पवन शर्मा, अंकित श्योराण, दिनेश बागान, राजेश शर्मा, चेतन, रामदत्त श्योराण, रामनारायण श्योराण, नवीन आदि अधिवक्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। इस दौरान अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन की नवनियुक्त कार्यकारिणी का फूल मालाओं से स्वागत किया और लड्डू बांटकर जीत की बधाई दी है। नवनियुक्त बार प्रधान राजेश भारद्वाज ने समर्थन के लिए सभी अधिवक्ताओं का आभार जताया। उन्होंने कहा कि बार एसोसिएशन के कल्याण के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि सभी सदस्यों के हकों व बार एसोसिएशन के विकास के लिए वे कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

## रोमांचक मुकाबले में तीन मतों से मनदीप कांटिया ने मारी बाजी

**तोशाम।** बार एसो. के प्रधान पद के लिए चुनाव हुआ। जिसमें एडवोकेट जितेंद्र चहल तथा एडवोकेट मनदीप कांटिया के बीच आमने-सामने की कांटे की टक्कर रही। लेकिन अंततः चुनाव परिणाम के दौरान एडवोकेट मनदीप कांटिया बाजी मारते हुए मात्र तीन वोटो से जीत दर्ज कर तोशाम बार एसो. के प्रधान पद पर काबीज हुए। तोशाम बार एसो. के उप प्रधान पद के लिए पहले ही एडवोकेट कपिल वर्मा निर्विरोध चुने गए वहीं सचिव पद के लिए एडवोकेट सुदेश गोदारा भी निर्विरोध चुनी गई। .प्रधान पद के लिए एडवोकेट जितेंद्र चहल तथा एडवोकेट मनदीप कांटिया के बीच आमने-सामने की कांटे की टक्कर रही प्रधान पद के लिए शुक्रवार को हुए चुनाव में कुल 127 मतों में से 123 मत डाले गए। जिनमें से एडवोकेट जितेंद्र चहल को 60 मत मिले तो एडवोकेट मनदीप कांटिया को 63 मत मिले। इस प्रकार एडवोकेट मनदीप कांटिया ने बाजी मारते हुए मात्र तीन मतों से विजय हासिल की। नवनिर्वाचित मनदीप कांटिया को उपस्थित अधिवक्ताओं ने जीत की बधाई देते हुए फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया वहीं एक दूसरे को लड्डू खिलाकर जश्न मनाया।

- 127 मतों में से 123 मत डाले गए। जिनमें से एडवोकेट जितेंद्र चहल को 60 तो एडवोकेट मनदीप कांटिया को 63 मत ही मिल पाए



**तोशाम।** जीत के बाद नवनिर्वाचित प्रधान का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

इस मौके पर पूर्व प्रधान एडवोकेट सत्यवान शयोराण, पूर्व प्रधान एडवोकेट गुलशन काटपालिया, पूर्व प्रधान एडवोकेट प्रभु राम, एडवोकेट पंकज, एडवोकेट वरुण किनड़ा, मनदीप कांटिया, संदीप कांटिया आदि मौजूद रहे।

## सुरेंद्र मैहड़ा चौथी बार बने चरखी दादरी बार एसो. के प्रधान

**चरखी दादरी।** चरखी दादरी जिला बार एसोसिएशन का चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। चुनाव में प्रधान पद के लिए सुरेंद्र मैहड़ा ने एडवोकेट ऋषिपाल पहल को 62 वोटों से हराया। शुक्रवार को सुबह 10 बजे मतदान शुरू हुआ, जो शाम 5 बजे तक जारी रहा। चुनाव में 798 अधिवक्ताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। प्रधान पद के लिए एडवोकेट सुरेंद्र मैहड़ा, ऋषिपाल और एडवोकेट सुखवंत दांगी मैदान में थे। प्रधान पद के लिए सुरेन्द्र सिंह मैहडा को 404 वोट, ऋषिपाल को 342 वोट व सुखवंत दांगी को 48 वोट मिली, जिसमें सुरेंद्र मैहड़ा ने ऋषिपाल को 62 वोटों से हराया। सुरेंद्र मैहड़ा ने चौथी बार प्रधान पद का चुनाव जीता हैं, वे तीन बार पहले भी प्रधान रहे चुके हैं। उपप्रधान पद के लिए मंदीप व शैलेन्द्र फौगाट के बीच टक्कर थी, जिसमें मंदीप को जीत मिली। इसमें मंदीप कुमार को 539 वोट व शैलेन्द्र फौगाट को 254 वोट मिली। सचिव पद के लिए राकेश सांगवान ने प्रवीन को 157 वोटों से मात दी। राकेश को 392 वोट, प्रवीन कुमार निट्टू को 235 वोट मिली। वहीं गौरव प्रेमी को 80 वोट व रेनू सांगवान को 88 वोट मिली। सहसचिव पद पर योगेश शर्मा ने दिनेश शर्मा को 164 वोटों के अंतर से हराया। योगेश को 473 वोट व दिनेश शर्मा को 339 वोट मिली। कोषाध्यक्ष पद पर धर्मेन्द्र फौगाट ने पंकज को 227 वोटों के बड़े अंतर से हराया। धर्मेंद्र को 512 वोट व पंकज को 285 वोट मिले।

- एडवोकेट सुरेंद्र ने अपने प्रतिद्वंद्वी ऋषिपाल को 62 वोटों से हराया




# सिर्फ बकाया टैक्स जमा करें, ब्याज और जुर्माना राशि माफः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि लंबे समय से जीएसटी मामलों में उलझे कारोबारियों को राहत देने के उद्देश्य से सरकार ने जीएसटी एमनेस्टी 2025 योजना शुरू की है, जिसके तहत व्यापारियों को केवल बकाया टैक्स जमा करना होगा, जबकि ब्याज और जुर्माने से पूरी तरह छूट दी जाएगी।

यह योजना न केवल व्यापारियों को आर्थिक दबाव से बाहर निकालेंगी, बल्कि उन्हें अपने व्यवसाय को सुचारू रूप से चलाने का एक नया अवसर भी देगी।

- व्यवसाय को सुचारू रूप से चलाने का एक नया अवसर भी देगी यह योजना

उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त अमिता तंवर ने योजना के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जीएसटी एक्ट के सेक्शन 73 के तहत जीएसटी मामलों में अब केवल मूल कर राशि जमा करनी होगी। योजना के तहत आवेदन करने की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन और सरल है। योजना का लाभ उठाने के लिए 31 मार्च तक आवेदन किया जा सकता है। इससे योजना से कर राजस्व में वृद्धि होगी और व्यापारिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।योजना से कारोबारियों को मिलने वाले फायदे ब्याज और जुर्माने की छूट से व्यापारियों का वित्तीय बोझ कम होने से आर्थिक दबाव से राहत मिलेगी।

# गर्भवती महिला मरीज के लिए किया रक्तदान

## बुखार से ग्रस्त मरीज के लिए मुकुल कुमार, चिराग व दीपांशु ने दिया रक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶। भिवानी

रक्तदान से बढ़कर न तो कोई पुण्य है तथा न ही कोई मानव धर्म। आपात स्थिति में जब अपने रक्त से किसी की जिंदगी बचती है तो उस व्यक्ति की कई पीढ़ियों के भावात्मक आशीर्वाद का पुण्य रक्तदाता को मिलता है।

शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने बताया कि भिवानी के दो निजी अस्पताल में दाखिल मरीजों के लिए ब्लड की जरूरत पड़ी तो गर्भवती महिला मरीज के लिए बी पॉजिटिव फ्रेश होल ब्लड की जरूरत होने रक्तदाता रमेश तिगड़ाना, संदीप, प्रमोद व मंजीत सिंह को बुलाकर ब्लड डोनेट करवाया। वहीं बुखार से ग्रस्त मरीज के लिए प्लेटलेट्स की जरूरत होने पर भिवानी शहर से मुकुल कुमार, चिराग व दीपांशु को बुलाकर ब्लड डोनेट करवाकर दोनों मरीजो की जान बचाई। डुडेजा ने कहा कि रक्त का दुनिया में कोई विकल्प नहीं है, मानव शरीर का रक्त ही दूसरों में खून की कमी को पूरा कर किसी का जीवन बचा सकता है।



**भिवानी।** रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते शतकवीर रक्तदाता राजेश डूडेजा। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि रक्तदान करने वाला व्यक्ति सिर्फ एक जान नहीं बचाता, बल्कि उससे जुड़े अनेक व्यक्तियों की जिंदगी में खुशी भरता है। इसीलिए प्रत्येक युवा को चाहिए कि वे बढ़-चढ़कर रक्तदान करें। इस अवसर पर डॉ मंदीप पंघाल, लेब टेक्नीशियन राहुल तंवर व संदीप व नरेंद्र पुनिया उपस्थित थे।

## सरपंच प्रतिनिधि रामफल शर्मा के नेतृत्व में पंचायत ने संभाली

# पंचायत ने नकलचियों पर कसी लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶। चरखी दादरी

दादरी जिले के गांव झींझर में 10वीं क्लास के बोर्ड एग्जाम में पंचायत ने नकलचियों पर लगाम कसने के लिए खुद पहरा लगाया। पंचायत की सख्ती के कारण बाहरी व्यक्ति केंद्र के समीप फटक भी नहीं पाया। परीक्षार्थियों और ड्यूटी वाले अध्यापकों को ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया। सरपंच प्रतिनिधि रामफल शर्मा के नेतृत्व में पंचायत सदस्य और गणमान्य नागरिक हाथों में डंडे लेकर स्कूल गेट के सामने खड़े हो गए। पंचायत का नकल मुक्त परीक्षा के लिए यह अहम कदम है। शुक्रवार को हरियाणा विधायक शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा का गणित का पेपर था। झींझर गांव के गवर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। दोपहर साढ़े 12 बजे पेपर शुरू हुआ। इससे पहले ही पंचायत सदस्य केंद्र पर पहुंच गए और 110 मीटर दायरे में पहरा लगा दिया। परीक्षार्थियों के साथ नकल डालने के लिए उनके परिजन भी पहुंचे थे, लेकिन पंचायत की सख्ती से नकल तो दूर अंदर जाने तक नहीं दिया गया। ग्रामीणों ने परीक्षा केंद्र के समीप किसी तरह की अफरातफरी ना हो उसके लिए परीक्षार्थियों को लेकर पहुंची स्कूल बसों की भी दूर खड़ी करवा दिया। सरपंच प्रतिनिधि रामपाल शर्मा ने बताया कि पूरे गांव का प्रयास है कि नकल रहित परीक्षा करवाई जाएं। इसके लिए पूरा गांव का सहयोग रहा। उन्होंने कहा कि नकल से परीक्षा केंद्र के साथ गांव की बदनामी होती है।



### दोनों कक्षाओं की होगी नकल रहित परीक्षा

सरपंच प्रतिनिधि रामफल शर्मा ने कहा कि जो बच्चा मेहनत करता है उसको नकल की जरूरत नहीं होती। यहां 12वीं और 10वीं का केंद्र है। दोनों ही कक्षाओं की परीक्षा में नकल नहीं होने दी जाएगी।

# निकाय चुनावों का शोरगुल बंद, आज बहुतकनीकी कॉलेज में ईवीएम वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶। लोहारू

दो मार्च को होने वाले लोहारू नगर पालिका के अध्यक्ष और वार्ड पार्षद चुनावों को लेकर शुक्रवार सांय चुनावी शोरगुल बंद हो गया। वहीं दूसरी ओर प्रशासन की तैयारियां भी अंतिम दौर में हैं। शुक्रवार को चुनाव से जुड़े अधिकारी व कर्मचारियों के चुनाव संबंधी प्रशिक्षण शिविर दिया।

निर्वाचन अधिकारी मनोज दलाल ने कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करवाना हम सब की जिम्मेदारी है। इसलिए सभी अधिकारी निष्ठा व ईमानदारी से कार्य करें और चुनाव आयोग की निर्देशों की पूर्ण जानकारी लें। एसडीएम दलाल ने बताया कि एक मार्च को रानी झांसी लक्ष्मीबाई राजकीय बहुतकनीकी संस्थान लोहारू से नगर पालिका के 14 वार्डों के लिए नियुक्त पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण देकर मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जाएगा। दो मार्च को सभी पोलिंग पार्टियां चुनाव करवाकर राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में ईवीएम आदि जमा करवाएंगे। उन्होंने बताया कि 12 मार्च को मतगणना करवाकर रिजल्ट घोषित किया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार नवनीत, नायब तहसीलदार शेखर नरवाल, नगर पालिका सचिव तेजपाल तंवर, एसईपीओ दीपक शर्मा, श्याम सुंदर सांगवान, राजीव वत्स, इलेक्शन कानूनगो अनिल मेचू सहित चुनाव से जुड़े अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।


घोड़े का बच्चा पैदा होने के कुछ देर बाद ही दौड़ और चल सकता है।


मधुमक्खी एक ऐसा जीव है जिसकी पांच आंखें होती हैं।

# डिजिटल सेक्टर में कोर्स कर संवारे भविष्य



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। एक ग्लोबल रिपोर्ट के मुताबिक, 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिजाइन एंड डाटा विजुअलाइजेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

### ये स्किल अहम

1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

### डिजिटल कोर्सेज

सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़कि डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## डिजिटल सेक्टर की इन ट्रेंड्स में कर सकते हैं महारत हासिल

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

### इंफ्लुएंसर मार्केटिंग

आजकल इंफ्लुएंसर मार्केटिंग बढ़ते हुए डिजिटल मार्केटिंग क्षेत्र का एक प्रमुख तरीका है। इसमें मार्केटिंग कंपनियां सोशल मीडिया पर लाखों फॉलोअर्स के साथ अकाउंट चला रहे इंफ्लुएंसर्स का प्रचार में सहारा लेती हैं। आजकल इंस्टाग्राम, फेसबुक व यूट्यूब पर इंफ्लुएंसर मार्केटिंग का तरीका बहुत बढ़ गया है।

### डिजिटल मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

### जॉब ऑप्शन्स

डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइजर, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिज़ाइनर, मोबाइल डिज़ाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिज़ाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिज़ाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

### टॉप रिक्रूटर्स

एफएमसीजी (फ़ास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

### स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है।

---

## इंजीनियर का मुख्य कार्य तेल और गैस के भंडार का पता लगाना

# पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में बेहतर करियर का अवसर, रोमांचक और चुनौतीपूर्ण




**डॉ. मोहित बंसल**
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



### ऊर्जा उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकी का विकास जरूरी

यदि आप भी गणित और भौतिकी में मजबूत हैं और पृथ्वी विज्ञान, भूगर्भशास्त्र और प्राकृतिक संसाधनों के बारे में रुचि रखते हैं तो आपके लिए अच्छे वेतन और सम्भावनाओं से भरपूर पेशा है पेट्रोलियम इंजीनियर। यह पेशा विशेष रूप से ऊर्जा उद्योग से जुड़ा है, जो विश्व भर में विकासशील और स्थापित अर्थव्यवस्थाओं के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। आज के समय में पेट्रोलियम इंजीनियरिंग एक बहुत ही महत्वपूर्ण और उच्च वेतन वाला पेशा है। पेट्रोलियम इंजीनियरों का मुख्य कार्य तेल और गैस के भंडार का पता लगाना, उनका निष्कर्षण करना और ऊर्जा के उत्पादन के लिए प्रौद्योगिकियों का विकास करना होता है। इस पेशे में तकनीकी ज्ञान और विश्लेषणात्मक सोच की आवश्यकता होती है, साथ ही पेट्रोलियम संसाधनों का कुशल प्रबंधन भी बहुत महत्वपूर्ण है। पेट्रोलियम इंजीनियरिंग का कार्य न केवल उर्जा उत्पादन को बढ़ावा देता है, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा जरूरतों को भी पूरा करने में मदद करता है।



### करियर काउंसलर से लें सलाह

अपने लिए किसी भी करियर को चुनने से पहले, करियर काउंसलर की सलाह लेना हमेशा फायदेमंद होता है, ताकि आप अपने कौशल और रुचियों के आधार पर सही दिशा में कदम बढ़ा सकें। इसके लिए आप www.career-jaano.com पर विजिट कर सकते हैं।

### प्रमुख संस्थान

**सरकारी संस्थान**

1. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी), खड़गपुर
   ▶▶ कोर्स नाम: बी टेक और एम टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
2. डी. यु. (दिल्ली विश्वविद्यालय), दिल्ली
   ▶▶ कोर्स नाम: एम्‍इससी इन पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस टेक्नोलॉजी
3. नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एनआईटी), राउरकेला
   ▶▶ कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
4. ऑयल और गैस इंस्टीट्यूट, गुजरात
   ▶▶ कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
5. यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज (यूपीईएस), देहरादून
   ▶▶ कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

**निजी संस्थान**

1. वेलिंगकर इंस्टिट्यूट ऑफ मैनजमेंट, मुंबई
   ▶▶ कोर्स नाम: पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन पेट्रोलियम मैनेजमेंट
2. शिव नादर विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा
   ▶▶ कोर्स नाम: एम टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
3. आकृति कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, हैदराबाद
   ▶▶ कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग
4. किंगफिशर इंस्टीट्यूट, बैंगलोर
   ▶▶ कोर्स नाम: एमएससी इन पेट्रोलियम टेक्नोलॉजी
5. रैज कॉलेज, पुणे
   ▶▶ कोर्स नाम: बी टेक इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग

### शिक्षा और प्रशिक्षण

1. **बैचलर डिग्री :** पेट्रोलियम इंजीनियर बनने के लिए सबसे पहले आपको एक बैचलर डिग्री की आवश्यकता होती है। यह डिग्री आमतौर पर बी टेक या बी इ के रूप में होती है, जिसमें पेट्रोलियम इंजीनियरिंग, मीन्स, और ग्रीन एनर्जी जैसे विषयों की विशेष जानकारी दी जाती है।
2. **मास्टर डिग्री :** यदि आप इस क्षेत्र में और गहरी विशेषज्ञता हासिल करना चाहते हैं, तो आप एम टेक या एम इस सी इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग कर सकते हैं। इस डिग्री से आपको उच्च-स्तरीय तकनीकी ज्ञान और पेट्रोलियम उत्पादन प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल होती है।
3. **डॉक्टरेट (पीएचडी) :** पेट्रोलियम इंजीनियरिंग में गहरी रिसर्च करने व अकादमिक पेशेवर बनने के लिए पीएचडी इन पेट्रोलियम इंजीनियरिंग कर सकते हैं। इस क्षेत्र में शोध से नए तकनीकी समाधान और ऊर्जा संसाधनों के कुशल उपयोग के बारे में नई दिशा पा सकते हैं।

### कौशल और योग्यता

1. **तकनीकी ज्ञान :** पेट्रोलियम इंजीनियर को ऊर्जा क्षेत्र, विशेष रूप से तेल और गैस निष्कर्षण तकनीक में गहरी समझ होनी चाहिए।
2. **समस्या हल करने की क्षमता :** पेट्रोलियम इंजीनियर को खतरनाक और जटिल स्थितियों में समस्याओं का समाधान करने की क्षमता होनी चाहिए।
3. **संचार कौशल :** पेट्रोलियम इंजीनियरों को टीम के साथ प्रभावी रूप से संवाद करने की आवश्यकता होती है, क्योंकि यह क्षेत्र टीम-आधारित कार्यों पर निर्भर करता है।
4. **डाटा विश्लेषण कौशल :** पेट्रोलियम इंजीनियरों को उपकरणों और मापदंडों का विश्लेषण करने में सक्षम होना चाहिए, ताकि वे सटीक निष्कर्ष पर पहुँच सकें।

### नौकरी के अवसर

**निजी क्षेत्र में करियर :** पेट्रोलियम इंजीनियर निजी कंपनियों में काम कर सकते हैं, जैसे ऑयल और गैस कंपनियाँ रिलायंस, ओएनजीसी, एस्सार आयल, जहां वे तेल और गैस निष्कर्षण, उत्पादन, और अन्य संबंधित कार्यों में विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं।

**सरकारी क्षेत्र में करियर :** सरकारी क्षेत्र में ओएनजीसी, आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपिसीएल जैसी कंपनियों में पेट्रोलियम इंजीनियर नौकरी कर सकते हैं, जहाँ उन्हें तेल, गैस, और ऊर्जा के क्षेत्र में योगदान देने का अवसर मिलता है।

### वेतन और आय

पेट्रोलियम इंजीनियरों का वेतन अनुभव और कार्यस्थल के आधार पर भिन्न हो सकता है। एक फ्रेश पेट्रोलियम इंजीनियर का वेतन 6,00,000 रुपये से 12,00,000 रुपये प्रति वर्ष तक हो सकता है। अधिक अनुभव वाले पेशेवरों का वेतन 15,00,000 रुपये से 25,00,000 प्रति वर्ष तक हो सकता है।

**रोमांचक करियर :** पेट्रोलियम इंजीनियरिंग एक चुनौतीपूर्ण लेकिन रोमांचक करियर है, जो न केवल तकनीकी विकास के अवसर प्रदान करता है, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान का अवसर भी देता है। इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए सही शिक्षा, कौशल और अनुभव प्राप्त करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि आप इस क्षेत्र में काम करने के इच्छुक हैं, तो उपयुक्त संस्थानों से शिक्षा प्राप्त करना और इसके साथ ही उचित प्रशिक्षण प्राप्त करना आपके लिए लाभकारी हो सकता है।

---

# महाकुंभ की प्रेरणा : विद्यार्थियों के लिए लक्ष्य, समर्पण और ईश्वर की कृपा



मोटिवेशनल

**डॉ. दिव्या तंवर**

महाकुंभ मेला, जो दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम है, केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है। यह एक जीवन दर्शन है, जो विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण, समर्पण, और ईश्वर की कृपा के महत्व का पाठ पढ़ाता है। यह हमें सिखाता है कि सफलता पाने के लिए केवल मेहनत ही नहीं, बल्कि एक स्पष्ट दिशा, अटूट समर्पण और ईश्वर पर अडिग विश्वास भी आवश्यक है। महाकुंभ में लाखों श्रद्धालु एक ही लक्ष्य लेकर चलते हैं- आत्मिक शुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति। यह लक्ष्य इतना स्पष्ट होता है कि वे सभी कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपने मार्ग पर अग्रसर रहते हैं। विद्यार्थियों के लिए भी यह सबक बहुत महत्वपूर्ण है। जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहले एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है।

## लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा

चाहे वह परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करना हो, करियर में उचाईयाँ छूना हो, या कोई व्यक्तिगत सपना पूरा करना हो, लक्ष्य के बिना मेहनत बेकार है। लक्ष्य वह मंदिर है जहाँ तक पहुँचने के लिए आपको रास्ता खुद बनाना होगा। यह रास्ता कठिनाइयों से भरा हो सकता है, लेकिन अगर आपका लक्ष्य स्पष्ट है, तो हर चुनौती एक नई सीख बन जाती है। महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह, आपको भी अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा।

**सफलता की कुंजी :** जिस तरह महाकुंभ में श्रद्धालु अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण दिखाना चाहिए। समर्पण का अर्थ है – लगातार मेहनत करना, चुनौतियों का सामना करना और कभी हार न मानना। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य परीक्षा में टॉप करना है, तो आपको नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और स्वयं को अनुशासित रखना होगा। यह आसान नहीं होगा, लेकिन समर्पण के साथ आप हर बाधा को पार कर सकते हैं। महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह, आपको भी अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होना होगा।

**ईश्वर की कृपा:** मेहनत के साथ आशीर्वाद महाकुंभ में लोग ईश्वर की कृपा पाने के लिए जुटते हैं, लेकिन यह कृपा केवल प्रार्थना से नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा से निभाने से मिलती है। विद्यार्थियों को यह समझना चाहिए कि ईश्वर की कृपा हमेशा उनके साथ है, लेकिन यह केवल तभी फल देती है जब आप अपनी मेहनत और लगन से उसे सींचते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आप परीक्षा में सफल होना चाहते हैं, तो केवल प्रार्थना करने से काम नहीं चलेगा। आपको पढ़ाई में पूरी मेहनत करनी होगी, और साथ ही ईश्वर पर विश्वास रखना होगा कि वह आपके प्रयासों को सफलता में बदल देंगे।

### विद्यार्थियों के लिए महाकुंभ का संदेश

महाकुंभ हमें सिखाता है कि लक्ष्य के प्रति समर्पण, कड़ी मेहनत और ईश्वर की कृपा तीनों का संतुलन ही सफलता का मार्ग है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रखें, महाकुंभ के श्रद्धालुओं की तरह समर्पित रहें, और ईश्वर पर विश्वास बनाए रखें। याद रखें, मेहनत और आशीर्वाद का संगम ही आपको जीवन के महाकुंभ तक पहुँचाएगा। लक्ष्य बड़ा हो, समर्पण गहरा हो, और ईश्वर की कृपा सदैव आपके साथ हो। मेहनत और विश्वास का यह संगम आपको सफलता के शिखर तक ले जाएगा। यह वाक्य न केवल एक प्रेरणादायक संदेश है, बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का मंत्र भी है।

**लक्ष्य बड़ा हो :** जीवन में सफलता पाने के लिए सबसे पहले एक बड़ा और स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करना आवश्यक है। लक्ष्य वह ध्रुव तारा है जो आपको अंधेरे में भी सही दिशा दिखाता है। चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में उच्च प्राप्तियाँ हों, करियर में सफलता हो, या कोई व्यक्तिगत सपना, लक्ष्य के बिना मेहनत बेकार है। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य एक प्रतिष्ठित कॉलेज में प्रवेश पाना है, तो यह लक्ष्य आपको हर दिन प्रेरित करेगा। आपको पता होगा कि आपको क्या करना है और क्यों करना है। लक्ष्य बड़ा होने से आपकी सोच विस्तृत होती है और आप चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार रहते हैं।

**समर्पण गहरा हो :** लक्ष्य निर्धारित करने के बाद उसे पाने के लिए गहरा समर्पण आवश्यक है। समर्पण का अर्थ है – लगातार मेहनत करना, चुनौतियों का सामना करना और कभी हार न मानना। जिस तरह महाकुंभ के श्रद्धालु अपने लक्ष्य के प्रति पूरी तरह समर्पित होते हैं, उसी तरह विद्यार्थियों को भी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होना चाहिए। उदाहरण के लिए, यदि आपका लक्ष्य परीक्षा में टॉप करना है, तो आपको नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन और स्वयं को अनुशासित रखना होगा। यह आसान नहीं होगा, लेकिन समर्पण के साथ आप हर बाधा को पार कर सकते हैं। समर्पण वह शक्ति है जो आपको लक्ष्य तक पहुँचाती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$* में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

**खबर संक्षेप**

## क्रेशरों की दूरी कम करने के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**तोशाम।** गांव खानक के ग्रामीणों ने सरकार द्वारा रोड से क्रेशरों की दूरी कम करने के विरोध में एसडीएम तोशाम को ज्ञापन सौपा। ग्रामीणों ने बताया कि खानक में लगभग 30-40 क्रेशर रोड के साथ लगे हुई है। काफी सालो से खानकवासी इनका प्रदुषण झेल रहे है। ग्रामीणों ने इनकी शिकायत बार-2 शासन प्रशासन से की है। परन्तु अब सरकार ने नए गैजेट नोटिफिकेशन में क्रेशरों की दूरी जीरो कर दी है। जो सरासर गलत है। क्योकि पहले ही प्रदुसण के कारण गांव में बहुत सी बिमारिया जन्म ले चुकी है। अगर इनकी दूरी कम कर दी तो ग्रामवासियो का जीना मुश्किल हो जाएगा और बहुत सी बीमारियां पनप जाएंगी। ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर गजट नोटिफिकेशन को रद्द करने की मांग की है।

## पौष्टिक आहार, नींद व योग से हार्मोन का संतुलन संभव

**भिवानी।** शुक्रवार को चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर मंजीत सिंह के निर्देशानुसार महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस विस्तार व्याख्यान के लिए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर प्रोमिला ने मुख्य वक्ता के रूप में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर पूजा ने वक्ता का स्वागत किया। व्याख्यान में पीसीओडी व पीसीओएस के बारे में छात्राओं को जागरूक किया और बताया कि यह एक बीमारी न होकर हार्मोन असंतुलन का परिणाम है। छात्राओ को संकोच छोड़कर अपनी समस्या को डॉक्टर के सामने रखकर उनसे उचित परामर्श लेना चाहिए।

## जयहिंद बने नपा कर्मचारी संघ के इकाई अध्यक्ष

**भिवानी।** नगर परिषद कार्यालय में शुक्रवार को नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के भिवानी इकाई का त्रिवार्षिक चनुाव सम्मेलन संपन्न हुआ। चुनाव में जयसिंह को नगर पालिका कर्मचारी संघ का भिवानी इकाई का अध्यक्ष चुना गया। संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव ने बताया कि चुनाव में प्रधान पद के लिए चार उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था, जिसमें कुल 330 मतदाता थे। चुनाव में जयहिंद को 320 मत प्राप्त हुए तथा वे नगर पालिका कर्मचारी संघ के भिवानी इकाई अध्यक्ष चुने गए। अध्यक्ष जयहिंद नगर पालिका कर्मचारियों के हितों को आवाज उठाएंगे।

### सीजेएम पवन कुमार ने किया बाल सेवा आश्रम का निरीक्षण

# बच्चों को दी जा रही सुविधाओं का लिया जायजा, स्वास्थ्य जांच के निर्देश

आश्रम की प्रबंध समिति को बच्चों की पढ़ाई, भोजन, वस्त्र अन्य आवश्यक सुविधाओं पर पूरा ध्यान देना चाहिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** आश्रम का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन डीआर चालिया के निर्देशानुसार प्राधिकरण के सचिव-कम-सीजेएम पवन कुमार ने बाल सेवा आश्रम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम की ओर से बच्चों को दी जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। सेशन जज ने आश्रम के बच्चों का हाल-चाल जानते हुए आश्रम प्रबंधक को जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

प्राधिकरण के सचिव-कम-सीजेएम पवन कुमार ने कहा कि बच्चों को हमारे संविधान में उचित पालन पोषण उनके सर्वांगीण विकास के लिए पर्याप्त अधिकार दिए हैं। आश्रम की प्रबंध समिति को बच्चों की पढ़ाई, भोजन, वस्त्र अन्य आवश्यक सुविधाओं पर पूरा ध्यान देना चाहिए। इस दौरान उन्होंने आश्रम के प्रबंधक समिति से आश्रम के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

उन्होंने बच्चों से उनको दी जा रही सुविधाओं के बारे में विस्तार से पूछा। उन्होंने आश्रम समिति सदस्यों को शिक्षा के सुधार संबंधी जरूर निर्देश दिए। आश्रम में रह रहे बच्चों को प्रत्येक दिन अलग-अलग डाइट चार्ट बनाकर प्रोटीन युक्त भोजन दिया जाए व बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच के भी निर्देश दिए। उन्होंने भोजनालय व शयन कक्ष की सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर बाल संरक्षण अधिकारी, सीडीसी मेंबर और बाल सेवा आश्रम का स्टाफ मौजूद रहे।

## जिला एवं सत्र न्यायाधीश देशराज चालिया ने किया जेल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- जेल बैरक के शौचालय और स्नानघर की साफ-सफाई को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन देशराज चालिया व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम पवन कुमार ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन देशराज चालिया ने जेल बैरक के शौचालय और स्नानघर की साफ-सफाई को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जेल प्रशासन को स्वच्छता बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए। स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था को लेकर उन्होंने गंभीरता दिखाई और इसके लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर जोर दिया। उन्होंने जेल में स्थापित कानूनी सहायता क्लीनिक का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कैदियों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति को अपने केस की पैरवी करने के लिए वकील की आवश्यकता है, तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत मुफ्त कानूनी सेवाएं प्राप्त कर सकता है। यह पहल न्यायिक प्रक्रिया में कैदियों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए की जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन देशराज चालिया ने कैदियों और हवालातियों से उनकी समस्याओं के बारे में बातचीत की। उन्होंने उनकी केसों में आ रही कठिनाइयों को सुना और समाधान के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की। इससे कैदियों को अपनी समस्याओं को साझा करने का अवसर मिला।



**भिवानी।** विधायक घनश्यामदास सर्राफ के साथ स्वयंसेवक।

## एनएसएस शिविर से युवाओं में सामाजिक भावना बढ़ती: सर्राफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- सिद्धपीठ बाबा जहरगिरि आश्रम में वैश्य महाविद्यालय की एनएसएस ईकाई का शिविर शुरू

राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर युवाओं के अंदर सामाजिक और देशभक्ति की भावना पैदा करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना में भाग लेने से बच्चे कम से कम साधनों में अधिक से अधिक सीखते हैं, ये बात सिद्धपीठ बाबा जहरगिरी आश्रम में वैश्य महाविद्यालय एनएसएस ईकाई-2 द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष एनएसएस शिविर के शुभारंभ पर मुख्यतिथि विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने कही। एनएसएस से विद्यार्थियों में सेवा एवं समर्पण का भाव पैदा होता है। शिविर का शुभारंभ विधायक घनश्यामदास सर्राफ, चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट वेल्फेयर एवं एनएसएस कॉर्डिनेटर सुरेश मालिक, डॉ. संजय गोयल, स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ. प्रोमिला सुहाग ने द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया। इसके बाद स्वयंसेवकों ने राष्ट्रीय सेवा योजना गीत की प्रस्तुति दी। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों ने अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। प्राचार्य ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम एवं प्रकल्प विद्यार्थियों के व्यक्तित्व एवं उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि इसके विद्यार्थियों में समता एवं समानता की भावना आती हैं। डॉ. मालिक ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों को सामाजिक जीवन में प्रवेश करने के लिए प्रशिक्षित करते हुए उनमें अनुशासन के भाव को पैदा करती है। स्वयंसेवकों ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इकाई-2 की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशा नेहरा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद किया। ये शिविर 28 फरवरी से 6 मार्च तक सिद्धपीठ जहरगिरि आश्रम में सात सात रहेगा। शिविर में इकाई 2 के 50 स्वयंसेवक विभिन्न समाजसेवी प्रकल्पों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए राष्ट्रहित के लिए नए नए आयाम स्थापित करेंगे।

## नपा चुनावों में प्रचार पर लगा विराम

- चेयरमैनी को लेकर रोज बन और बिगड़ रहे समीकरण

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा नगर पालिका चुनावों में जितनी उठापठक चल रही है, आज तक के इतिहास में नहीं देखी गई। पहली बार पंचायत की तर्ज पर बवानी खेड़ा में पार्षद व चेयरमैन के चुनाव हो रहे हैं। जहां एक तरफ भाजपा द्वारा सुंदर शर्मा को अपना उम्मीवार बनाया है वहीं बाकि के अन्य 10 उम्मीदवार पंचायती उम्मीदवार के तौर पर मैदान में अपने दम पर चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा के लिए ये सीट निकालना नाक का सवाल बन गया हैं। वहीं सभी चेयरमैन उम्मीदवारों ने अपनी अपनी ताकत झौंकी हुई है। विधायक कपूर वाल्मीकि भी जी जान से पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जुटे हुए हैं। आए दिन मंत्रियों से रूबरू हो रहे कस्बावासी- बवानी खेड़ा में भाजपा चेयरमैन उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील करने के लिए भाजपा सरकार से रणबीर गंगवा, कृष्ण पंवार, जेपी दलाल, कृष्ण बेदी, दो बार मुख्यमंत्री नायब सैनी जिसमें एक बार विधायक के भतीजे के विवाह समारोह तथा एक बार मतदान के लिए आयोजित जनसभा में आ चुके हैं और चेयरमैन के पक्ष में मतदान की अपील कर चुके हैं व ट्रिपल इंजन की सरकार की बात करते हुए रूठो हुए को मनाने की अपील की जा चुकी है। लोगों का हुजुम भी भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में देखने को मिल रहा है।

### आए दिन प्रत्याशियों का बदल रहा पलड़ा

चेयरमैन चुनाव में एक दिन भाजपा प्रत्याशी तो दूसरे दिन आजाद प्रत्याशी पंकज महता तो अगले दिन महेश महता, तरूण राठौड, सतपाल शर्मा, का पलड़ा भारी लगता है। वोटर भी असमंजस्य की स्थिति में दिखाई दे रहा है। दो मार्च को होने वाले चुनाव के लिए पार्षद व चेयरमैन उम्मीदवारों की भी सांसे अटकी हुई हैं।

### रिश्तेदारियों से दबाव डलवा कर पक्ष कर रहे मजबूत

वहीं चेयरमैन उम्मीदवारों में विचारों की भिन्नता या समुदाय से अलगाव के कारण दूर दराज से रिश्तेदारी निकालकर मतदाता को अपनी और खींचने का काम कर रहे हैं ताकि उनके पक्ष में मतदान करवाकर विजय हासिल की जा सके। वहीं कुछ उम्मीदवार वार्डों में जाकर पिछली गलतियों की माफी मांग कर मतदाताओं को पक्ष में कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री श्रमिकों की समस्याओं को लेकर ट्रेड यूनियनों से करें वार्ता

**भिवानी।** केंद्रीय श्रमिक संगठन एआईयूटीयूसी के राज्य अध्यक्ष कामरेड राजेंद्र सिंह एडवोकेट एवं सचिव कामरेड हरिप्रकाश ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की कि सरकार प्रदेश में कार्यरत सभी ट्रेड यूनियन संगठनों एवं यूनियनों के प्रतिनिधियों को बुलाकर उनसे संबंधित समस्याओं एवं मांगों पर चर्चा कर समाधान का रास्ता निकाले। हरियाणा में एआईयूटीयूसी सरकार से ट्रेड यूनियनों के साथ प्रत्येक से या सामूहिक तौर पर सभी से वार्ता करने की मांग करती आई है। समाचार पत्रों में छपी खबरों से मालूम हुआ है कि मुख्यमंत्री एक मार्च को केवल एक ट्रेड यूनियन से वार्ता करने जा रहे हैं। सरकार की सोच वास्तव में दिल से प्रदेश के श्रमिकों, मजदूरों के हित में है।

## अवैध खनन को लेकर प्रशासन सतर्क

- कोई व्यक्ति अवैध खनन अथवा परिवहन में शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** ट्रकों की जांच करते खनन विभाग के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा है कि अवैध खनन व परिवहन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। ऐसे मामले में जिला प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है। महावीर कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के स्पष्ट निर्देश है कि अगर कोई व्यक्ति अवैध खनन अथवा परिवहन में शामिल पाया जाता है तो उसके खिलाफ नियम अनुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

उन्होंने कहा कि खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग स्वयं अवैध खनन को लेकर गंभीर है और मॉनिटरिंग भी की जा रही है। उन्होंने बताया कि अवैध खनन को लेकर माफिया पर नकेल कसने के लिए तीन स्तरीय व्यवस्था की गई है। जिला स्तरीय टास्क फोर्स जहां अपना काम कर रही है वहीं दूसरी ओर पुलिस व खनन विभाग की टीम लगातार जांच पड़ताल कर रही है। इसके अलावा एक एनफोर्समेंट विंग भी इस कार्य में लगी हुई है।

जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति के अध्यक्ष की हैसियत से उपायुक्त महावीर कौशिक द्वारा पहले ही दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं कि खनन विभाग के अलावा समिति के अन्य सदस्य लगातार अवैध खनन व परिवहन की चेकिंग करें। नियमों की अवहेलना पाए जाने पर तुरंत प्रभाव से विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाए। अवैध खनन व परिवहन को रोकने के लिए विभाग के खनन रक्षकों व खनन निरीक्षकों की प्रतिदिन के हिसाब से ड्यूटी लगाई गई है।

## दादरी में खुलेगी स्टेट नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो की शाखा: सांगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी


विधायक सुनील सांगवान।

- विधायक सांगवान ने मुख्यमंत्री सैनी से मिलकर रखी थी मांग

भाजपा के दादरी विधायक सुनील सांगवान द्वारा नशा मुक्त दादरी, बेटा बचाओ-बेटी पढाओ दादरी का सपना साकार करने के उद्देश्य से पिछले दिनों सीएम से मिलकर हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो की दादरी में शाखा खोलने बारे मांग रखी थी। सीएम के निर्देशों पर हरियाणा सरकार के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी द्वारा हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो के निदेशक को दादरी में शाखा खोलने बारे निर्देश दिए हैं। विधायक सांगवान ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा हरियाणा के चरखी दादरी सहित कुछ जिलों में नारकोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो की शाखा खोलने के आदेश जारी हुए थे। चरखी दादरी की शाखा को भिवानी शिफ्ट कर दिया गया था। विधायक ने बताया कि ब्यूरो की शाखा को वापस दादरी में शिफ्ट करने को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी।

## गोधरा कांड में शहीद कार सेवकों को दी श्रद्धांजलि

**चरखी दादरी।** चरखी दादरी के झोझू प्रखंड के गांव चिड़िया में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। सभा में उपस्थित डॉ. ईश्वर सिंह ने द्वीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रखंड संयोजक कार्तिक हिंदू ने बताया कि आयोजन में हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के अध्यक्ष क्रांतिवीर चंद्रशेखर आजाद के बलिदान दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि देकर याद किया। वहीं गोधरा कांड में शहीद 59 कार सेवकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यकर्ताओं को क्रांतिकारियों की वीर गाथाओं से अपने धर्म, समाज और राष्ट्र की रक्षा के लिए प्रेरित किया।

## आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में इंटर हाउस साइंस और मैथ क्विज आयोजित

**बवानीखेड़ा।** मिलकपुरः आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में इंटर हाउस साइंस और मैथ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के चारों हाउस – अब्दुल कलाम, ध्यानचंद, मदर टेरेसा और सरोजिनी नायडू हाउस ने भाग लिया। प्रतियोगिता के परिणामों में कक्षा 1 में अब्दुल कलाम हाउस विजेता रहा, कक्षा 2 में ध्यानचंद हाउस ने जीत हासिल की, वहीं कक्षा 3 से 5 तक सरोजिनी नायडू हाउस विजेता बना। कक्षा 6 से 8 तक की प्रतियोगिता में भी सरोजिनी नायडू हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दौरान स्कूल के चेयरमैन आनंद यादव ने विजेताओं और सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में सभी छात्रों को भाग लेना चाहिए, क्योंकि यह उनके बौद्धिक विकास में सहायक होती हैं। इस क्विज प्रतियोगिता का सफल संचालन दीपिका , विकास, शायना, ऋचा, आयुषी और पूजा यादव द्वारा किया गया।



**बवानीखेड़ा।** आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व बच्चे।

## प्रयास स्पेशल स्कूल में स्पेशल बच्चों के लिए भेंट किए डायपर

**भिवानी।** स्पेशल बच्चों की देखभाल करना केवल एक सामाजिक या नैतिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि संवेदनशील एवं मानवीय कर्तव्य भी है। इसी उद्देश्य के साथ पालेराम चैरिटेबल ट्रस्ट ने शुक्रवार को पुराना बस अड्डा स्थित प्रयास स्पेशल स्कूल में स्पेशल बच्चों के लिए डायपर भेंट किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रयास स्पेशल स्कूल की संचालिका डॉ. संस्कृति जैन ने की। इस दौरान ट्रस्ट ने 18 वर्ष तक के स्पेशल बच्चों के लिए डायपर भेंट किए। इस मौके पर ट्रस्ट के संस्थापक सुरेंद्र संभ्रवाल ने कहा कि विशेष बच्चों को प्यार, धैर्य और प्रोत्साहन की जरूरत होती है, सही देखभाल से वे भावनात्मक रूप से संतुलित और खुशहाल रह सकते हैं।

## इंकलाब युवा मोर्चा ने चंद्रशेखर आजाद का मनाया शहादत दिवस

- क्रांतिकारियों के 'सपनों के देश' व समाज को पूरा करने की करें जी तोड़ कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की शहादत दिवस पर इंकलाब युवा मोर्चा (आईवाईएम) ने रोज गार्डन स्थत शहीद स्थल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया, जिसमें शहर के गणमान्य बुजुर्ग, स्कूली बच्चे और आईवाईएम के साथी उपस्थित रहे। आईवाईएम के साथी यशपाल ने बताया कि आज हमारा देश जाति व धर्म पर कुछ इस प्रकार बंट चुका है कि लोगों ने महापुरुषों को भी जाती में बांट दिया है, जो कि देश के थे, न कि जातियों के। उदाहरण के रूप में


शहीद चंद्रशेखर आजाद को नमन करते इंकलाब युवा मोर्चा के सदस्य।

असहयोग आंदोलन में भाग लेने पर चंद्रशेखर तिवारी के अंग्रेजों द्वारा पकड़े जाने पर उन्होंने खुद को चंद्रशेखर आजाद से संबोधित किया। क्रांतिकारियों को केवल याद न करके उनके विचारों को अपनाए पीढ़ी को भी अवगत करवाएं।

## नपा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक

**भिवानी।** सिवानी, लोहारू तथा बवानी खेड़ा की नगर पालिकाओं के चुनावों को लेकर उपायुक्त महावीर कौशिक, जनरल आब्जर्वर अनुराग ढालिया तथा पुलिस आब्जर्वर सुमेर सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में तीनों पालिका के रिटर्निंग अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि नगर निकाय चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कोई भी व्यक्ति करता है, तो उस पर तुरंत कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव के लिए आयोग ने एक उम्मीदवार के खर्च की सीमा निर्धारित की गई है।

## श्री श्याम भवन में लगाया नैनो यूरिया वितरण शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहल

किसानों को फसलों में रासायनिक उर्वरकों में विदेशी उत्पादों की जगह स्वदेशी उत्पाद को अपनाने के लिए कस्बे में नैनो यूरिया वितरण शिविर लगाया गया। शिविर में किसानों को नैनो यूरिया के फायदों के बारे में बताया गया व उसके प्रयोग की विधि बताई गई। शिविर में वाटर शैड स्कीम के प्रधान गजानंद अग्रवाल ने किसानों को नैनो यूरिया अपनाने की सलाह दी। शुक्रवार को कस्बे के श्री श्याम भवन में लगे शिविर में पूर्व सरपंच एवं वाटर शैड स्कीम के प्रधान गजानंद अग्रवाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध प्रयोग से जमीन की उर्वरा शक्ति क्षीण होती जा रही है। हर साल पैदावार घट रही है और फसलों में रासायनिक प्रभाव से अनाज में जरूरी तत्व प्रभावित हो रहे हैं। कृषि विशेषज्ञों की सलाह से ही जरूरी मात्रा में ही उर्वरक डालें।


**बहल।** श्री श्याम भवन में किसानों को नैनो यूरिया का वितरण करते हुए वाटर शैड स्कीम के प्रधान पूर्व सरपंच गजानंद अग्रवाल।

**कार्यक्रम** उद्घाटन सत्र पर चौ बंसीलाल विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन गुप्ता ने शिरकत की

## तोशाम के बीएलजेएस महाविद्यालय में राज्य स्तरीय परिसंवाद आयोजित

देव शर्मा ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों, प्रभारियों, प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

बनवारीलाल जिन्दल सूईवाला महाविद्यालय में विज्ञान दिवस पर उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा अनुमोदित राज्य स्तरीय अन्तः विषय पर परिसंवाद अन्तः विषय विज्ञान पावरप्वाइंट शीम्पोजिम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र पर चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार भारद्वाज, निदेशक डॉ. विपुल शर्मा, परिसंवाद सचिव डॉ. गीतिका शर्मा ने डॉ. गुप्ता का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान डॉ. गीतिका शर्मा ने शीर्षक की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। वहीं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. राकेश कुमार भारद्वाज ने मुख्य अतिथि का हृदय की गहराइयों से स्वागत करते हुए परिसंवाद में पहुंची सभी टीम के प्रभारी एवं प्रतिभागियों का भी स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य कि कामना की। महाविद्यालय ट्रस्टी एडवोकेट देवेन्द्र देव शर्मा ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों, प्रभारियों, प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि डॉ. पवन गुप्ता ने प्रतिभागियों को कछुआ और खरगोश कि कहानी से प्रेरित करते हुए जीवन को सफल बनाने का संदेश दिया। डॉ. गुप्ता ने परिसंवाद शीर्षक पर बोलते हुए कहा कि वर्तमान में ऐसे विषयों पर चर्चा संगोष्ठी अतिआवश्यक है। प्रतियोगिता में दस टीमों ने प्रतिभागिता की जिनको एल्फाबेट कोड दिए गए।

इस प्रतियोगिता के समापन समारोह पर पधारे मुख्य अतिथि डॉ. सुरेन्द्र कौशिक रसायन शास्त्र विभाग, प्रोफेसर एवं डीन आफ कालेज चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी।


**तोशाम।** द्वीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ करवाते हुए।

## खबर संक्षेप

### रेखा गुप्ता के सीएम पर बनने पर समारोह आज

**भिवानी।** शनिवार को न्यू हाऊसिंग बोर्ड स्थित रेस्तरा में रेखा गुप्ता के दिल्ली की सीएम बनने पर एक समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान दिल्ली में भाजपा की सीएम पर बनने पर खुशी मनाई जाएगी। उक्त कार्यक्रम में विधायक घनश्याम सर्राफ शामिल होंगे। क्योंकि विधायक घनश्याम सर्राफ ने रेखा गुप्ता के हलके में पहुंचकर करीब तीन चार दिनों तक जन सम्पर्क अभियान चलाया था।

### डीसी ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा है कि सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ निर्धारित समय अवधि में पात्र नागरिकों को देने में कोताही को सहन नहीं किया जाएगा। उपायुक्त लघु सचिवालय के डीआरडीए हाल में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतों का निपटान कर रहे थे। महावीर कौशिक ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश है कि समाधान शिविर में आने वाले प्रत्येक फरियादी को संतुष्ट करके घर वापस भेजा जाए।

### सनातन संस्कृति सबसे महान संस्कृति : दलाल

**बहल।** पूर्व केबिनेट मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि भारत की सनातन संस्कृति सबसे महान संस्कृति है। सनातन धर्म को पुरातन समय से ही श्रेष्ठ धर्म माना गया है। यह देश का गौरव है कि हाल ही में ही प्रयागराज के पवित्र कुंभ स्नान में देश के लोगों की आस्था उमड़ी और अपने आप में एक महाकुंभ का रिकार्ड बना। उन्होंने कहा कि सनातन हमेशा परमार्थ की शिक्षा देता है जिसमें मानवता की भलाई निहित है। वे शुक्रवार को श्री अलख आश्रम बहल में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन हुए आयोजन में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए थे।

### सीजेएम ने सखी वन स्टॉप सेंटर का किया निरीक्षण

**भिवानी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश देशराज चालिया के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम पवन कुमार ने सखी वन स्टॉप सेंटर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सीजेएम पवन कुमार ने हिंसा की शिकार महिलाओं से संबंधित केस रजिस्टर की भी जांच की, जिन्हें इस केंद्र द्वारा इलाज, कानूनी सहायता और मानसिक राहत के लिए परामर्श और सहायता प्रदान की गई है।

### दूरी कम करने के विरोध में एसडीएम को सौपा ज्ञापन

**तोशाम।** खानक के ग्रामीणों ने सरकार द्वारा रोड से क्रेशरों की दूरी कम करने के विरोध में एसडीएम तोशाम को ज्ञापन सौपा। ग्रामीणों ने बताया कि खानक में 30-40 क्रेशर रोड के साथ लगे हुई हैं। सालो से खानकवासी इनका प्रदूषण झेल रहे हैं। ग्रामीणों ने इनकी शिकायत बार-2 शासन प्रशासन से की है। परन्तु अब सरकार ने नए गैजेट नोरिफिकेशन में क्रेशरों की दूरी जीरो कर दी है। जो सरासर गलत है। क्योंकि प्रदूषण के कारण गांव में बहुत सी बीमारी जन्म ले चुकी हैं।

---

### विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

# आठवीं कक्षा में सक्षम, सोनाक्षी व रीत की टीम ने पाया प्रथम स्थान

- मेंगा माइंड किड्स स्कूल में मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी**

डोबी तालाब स्थित मेंगा माईंड किड्स स्कूल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नोबेल पुरस्कार विजेता सीवी रमन की जयंती पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया,जिसमें कक्षा छठी से लेकर आठवीं तक के छात्रों ने विज्ञान के विभिन्न मॉडलों को प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य कृष्ण सैनी, राजबाला व समाजसेवी लक्ष्मण गौड़ विशेष रूप से मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य मंजू शर्मा ने की। इस अवसर पर छात्रों ने वेस्ट मैटेरियल, पर्यावरण, भौतिक विज्ञान, सोलर कुकर, वाटर साईकिल, वालकेनो, जैविक खेती, ऊर्जा संरक्षण के द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मुख्यतिथि व अतिथियों ने छात्रों द्वारा बनाए गए विभिन्न विज्ञान मॉडलों का अवलोकन किया और उनकी सराहना की। प्राचार्या मंजू ने कहा कि हमारे भारत वर्ष के लिए ये गर्व की बात है कि 1930 में भौतिकी का नोबल पुरस्कार सर चन्द्रशेखर वेंकट रमन को प्रकाश के परिकरण पर उनके कार्य और उनके नाम पर प्रभाव की खोज के लिए मिला था। कृष्ण सैनी व लक्ष्मण गौड़ ने कहा कि नोबेल पुरस्कार विश्व का सबसे बड़ा पुरस्कार होता है और यह पुरस्कार भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, शरीर विज्ञान, चिकित्सा व शांति के प्रयासों के लिए मिलता है। हमें सीवी रमन के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए।

इस अवसर पर प्रदर्शनी में कक्षा छठी में प्रथम छवि, वेदिका, अंजलि, हर्षिका रही। सातवीं कक्षा में प्रथम पुरस्कार सारिका, करण, इशिता ने प्राप्त किया। आठवीं कक्षा में सक्षम, सोनाक्षी व रीत की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर स्टाफ सदस्य सीमा, पूजा, रेखा, रीना, नीरज, पिंकी, शिवानी, आस्था, मंजू, मीनू, सुमन वर्मा, कविता, आकांक्षा, संजू, अजूबा व सीमा राधव मौजूद थी।



भिवानी। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर मॉडल दिखाते विद्यार्थी।



चरखी दादरी। विज्ञान के मॉडलों के बारे में जानकारी देते विद्यार्थी।

### मांग के अनुरुप नहीं मिल रहा पानी

**भिवानी।** दिन–प्रतिदिन नहरी पानी की स्थिति डावाडोल होती जा रही है। पहाड़ी इलाके में बर्फबारी की वजह से यमुना का जलस्तर बेहद नीचे चला गया,जिस वजह से सुंदर ग्रुप की नहरों को मांग के अनुरुप पानी नहीं मिल पा रहा है। सिंचाई विभाग ने सुंदर ग्रुप की नहरों के लिए सवा 22 सौ क्यूसेक पानी की मांग भेजी थी,लेकिन पानी कम होने की वजह से महज 391 क्यूसेक पानी ही मिल पाया है। जिसके चलते सिंचाई विभाग ने सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी तथा मिताथल फीडर को बंद कर दिया है। फिलहाल सिंचाई विभाग ने जुई फीडर में 391 क्यूसेक पानी चलाया जा रहा है,जबकि जुई फीडर में साढ़े आठ सौ क्यूसेक पानी छोड़े जाने की मांग भेजी थी। सुंदर डिस्ट्रीब्यूटरी तथा मिताथल फीडर को बंद करने के बाद इन पर पड़ने वाले खेत सिंचाई से वंचित रहने के आसार बन गए है। क्योंकि अभी तक इन नहरों के अंतिम छोर तक पानी ही नहीं पहुंच पाया है। हालांकि जूई फीडर पर पानी कम होने की वजह से उससे निकलने वाले अधिकांश माइनरों के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच पाया है।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया

चरखी दादरी। जिले के गांव पांडवान के राजकीय माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। इस उपलक्ष्य पर बच्चों ने विज्ञान मॉडल प्रदर्शित किए तथा विज्ञान से संबंधित विभिन्न गतिविधियां जैसे रोल प्ले, विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यतिथि पहुंची राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिरहींकलां की प्राचार्या निर्मल धनखड़ ने बच्चों को बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस भारत में भौतिकी विज्ञानी सीवी रमन द्वारा 28 फरवरी 1928 को रमन प्रभाव की खोज के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि संत कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच बनाने के उद्देश्य से हर वर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है। इस मौके पर महेन्द्र कुमार जेबीटी रचिता एबीआरसी अशोक कुमार, एसएसएम अनिल कुमार जेबीटी, सरोज बाला ड्राइंग अध्यापिका व मंच संचालन अनिल फौगाट शास्त्री व राहुल सांगवान क्लर्क ने किया।



चरखी दादरी। अंतरसदनीय साइंस क्विज प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

# भाषण प्रतियोगता में सातवीं की भूमि प्रथम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी**

- साइंस क्विज में शिवालिक सदन प्रथम, अरावली द्वितीय व नीलगिरी सदन ने तृतीय स्थान पर अपनी जगह बनाई।

श्रीराम पब्लिक स्कूल कान्हड़ा में रमन प्रभाव की खोज के सम्मान में 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता व अंतर्सदनीय साइंस क्विज का आयोजन किया, जिसमें कक्षा छठी से 12वीं के बच्चे ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा सातवीं से भूमि प्रथम, आयशा द्वितीय व प्रिया तृतीय स्थान पर रही। साइंस क्विज में शिवालिक सदन प्रथम, अरावली द्वितीय व नीलगिरी सदन ने तृतीय स्थान पर जगह बनाई।

#### प्राचार्य ने दी बधाई

स्कूल प्राचार्य अमित जाखड़ ने बच्चों को साइंस दिवस की महत्ता के बारे में बताया कि आज ही के दिन 1928 में सीवी रमन ने रमन प्रभाव की खोज की थी व 1930 में नोबेल पुरस्कार जीतने वाले पहले भारतीय थे, उनको आधुनिक भारतीय विज्ञान का जनक भी माना जाता है। यह दिन हमें विज्ञान व नवाचार के महत्व को समझने में व आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।

विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित करने के लिए व जन साधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाने के लिए स्कूलों में ऐसी प्रतियोगिताएं होना अति आवश्यक है। अतः हमें आज के वैज्ञानिक युग में बच्चों को वैज्ञानिक तौर पर विकसित करने के लिए बच्चों को जागरूक करते रहना चाहिए ताकि एक सशक्त व समृद्ध भारत के लिए नई वैज्ञानिक पीढ़ी तैयार हो सके।

---

# अधिकारी जरा सी भी चूक न करें

- नगर पालिका चुनाव की मतदान प्रक्रिया को अच्छी प्रकार से समझें अधिकारी : रिटर्निगं अधिकारी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा**

नगर पालिका चुनाव के आब्जर्वर अनुराग डालिया ने कहा कि -फ्री एण्ड फेयर मतदान प्रशासन और पुलिस की नैतिक जिम्मेदारी होती है। चुनाव पर्यवेक्षक अनुराग डालिया आज शुक्रवार को राजकीय महिला महा विद्यालय बवानी खेडा के मतगणना हाल में चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों और उम्मीदवारों को सम्बोधित कर रहे थे। नपा चुनाव के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक एचसीएस अनुराग ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में अधिकारी जरा सी भी चूक न करें, सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी की गंभीरता को समझें। रविवार 2 मार्च को 16 वार्डों वाली बवानी खेडा नगरपालिका के अध्यक्ष और पार्षद पदों के लिए सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। जबकि मतदान से एक घण्टा पहले मतदान केन्द्रों पर सभी उम्मीदवारों और उनके पोलिगं एजेन्टो की मौजूदगी में मोक पोल करके उच्च अधिकारियों का अवगत करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पीओ हैंडबुक में वे सारी हिदायतें व नियम लिखे हैं, जिनकी जानकारी चुनाव करवाने वाले अधिकारी को होनी जरूरी है।



बवानीखेड़ा। चुनाव को लेकर अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए।

### निकाय चुनाव को लेकर ड्यूटी मजिस्ट्रेट किए नियुक्तः कौशिक

**भिवानी।** जिलाधीश महावीर कौशिक ने बवानीखेड़ा, सिवानी व लोहारू नगर पालिका के चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। चुनाव दो मार्च को होंगे। जिलाधीश द्वारा जारी किए गए आदेशों में बताया गया है कि बवानीखेड़ा, सिवानी व लोहारू नगर पालिका में चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आदेश जारी किए है। आदेशों में कार्यकारी अभियंता कपिल देव, बीएओ श्री भगवान, डीएओ जितेन्द्र श्योराण तथा पुलिस विभाग से उप निरीक्षक प्रेम, निरीक्षक सतीश व शिव कुमार को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है।

# गेहूं की फसलें बिछी, किसान परेशान

- मौसम का बदला मिजाज, किसानों की बढ़ी हार्टबीट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी**

शुक्रवार को एकदम मौसम का मिजाज बदल गया। अल सुबह हुई हलकी बूंदाबांदी से फसलों में थोड़ा बहुत फायदा होगा,लेकिन धीमी गति से चली हवा की वजह से अनेक जगहों पर गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई। फसलें से बिछने से औसतन पैदावार में काफी कमी आएगी। दूसरी तरफ बूंदाबांदी से पारा भी तीन डिग्री तक लूढक गया। जिसके चलते मौसम में ठंडक घुलने लगी है। फिर से लोगों ने गर्म कपड़े पहनने आरंभ कर दिए।

अल सुबह एकदम चारों तरफ से काली घटाए छा गई। हवा के झौंके के साथ आसमान से हलकी बूंदाबांदी शुरू हो गई। करीब आधे घंटे तक हलकी रूक रूक कर बूंदाबांदी होती रही। हलकी बूंदाबांदी से फसलों में फायदा होगा। क्योंकि इस वक्त फसलों को सिंचाई की बेहद सख्त जरूरत थी। हलकी बारिश से कुछ हद तक राहत मिल जाएगी। हलकी बूंदाबांदी से गेहूं के अलावा जौ व पछेती सरसों की फसल में भी फायदा होगा। क्योंकि इन फसल पक रही है। वहीं हलकी बूंदाबांदी के साथ चली धीमी गति से हवा की वजह अगेती गेहूं की फसल जमीन पर बिछने लगी है। अगर गेहूं की फसल जमीन पर लेटी रही तो उसकी पैदावार पर असर होगा।



भिवानी। बारिश के साथ हवा की वजह से बिछी गेहूं की फसल। फोटो : हरिभूमि

---

# पोस्टर मेकिंग स्पर्धा में नेहा ने मारी बाजी





**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी**

राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर त्रिलोकचंद के मार्गदर्शन में रेड रिबन क्लब ने कार्यक्रम का आयोजन किया। क्लब के तत्वावधान में रेड रिबन काउंसलर डॉ. ज्योति व प्रोफेसर अजीत कुमार की समन्वयता में टीबी की जागरूकता पर पोस्टर मेकिंग कंपटीशन आयोजित किया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पोस्टर मेकिंग में नेहा प्रथम, महक द्वितीय व सुनयना तृतीय स्थान पर रही। महाविद्यालय प्राचार्य ने सभी विजेताओं को नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# हरियाणा की टीम प्रथम

- तीन दिवसीय तीसरी फास्ट फाइव नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता का समापन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी**

हरियाणा नेटबॉल एसोसिएशन द्वारा गांव कलिंगा स्थित श्रीबालाजी स्कूल में करवाई गई लड़के व लड़कियों के वर्ग की तीन दिवसीय तीसरी फास्ट फाइव नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हो गई। इस दौरान बतौर मुख्यतिथि नेटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के महासचिव विजेंद्र सिंह दहिया ने शिरकत की तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर बालाजी स्कूल की संचालिका रेणुका शर्मा, टूर्नामेंट कमेटी के कन्वीनर लक्ष्मण, टैक्रीकल कमेटी चेयरमैन अशोक आनंद, टैक्रीकल कमेटी कन्वीर विक्रमादित्य विशेष तौर पर पहुंचे।

उन्होंने कहा कि हम अपने जीवन में खेलों से जुड़े रहेंगे तो यह हमारे स्वास्थ्य के लिए उत्तम रहेगा, क्योंकि किसी भी खेल में हम प्रतिदिन आधा या एक घंटा भी अभ्यास करते है तो वह हमारे स्वस्थ जीवन का निर्माण करता है। एसो. की महासचिव दहिया ने बताया कि प्रतियोगिता के लड़को के वर्ग में हरियाणा की टीम प्रथम, बिहार की टीम द्वितीय तथा चंडीगढ़ की टीम तृतीय स्थान पर रही। वहीं लड़कियों के वर्ग में हरियाणा की टीम प्रथम, केरल की टीम द्वितीय तथा दिल्ली राज्य की टीम तृतीय स्थान पर रही।



नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में खेलते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

# छात्रों को कम्युनिकेशन स्किल के टिप्स दिए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम**

- प्रत्येक व्यक्ति को प्राथमिक स्तर पर मानसिक स्वास्थ्य सहायता की आवश्यकता : किरोस्ता

चौधरी बंसीलाल राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय शिविर के चौथे दिन की शुरुआत शुक्रवार को एनएसएस गीत से हुई। इसके पश्चात स्वयंसेविकाओं ने योगाभ्यास किया। शिविर के प्रथम सत्र में चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी के अंग्रेज़ी विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अभिषेक चंदेल ने कम्युनिकेशन स्किल विषय पर विस्तार से व्याख्यान दिया। उन्होंने संचार कौशल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अंग्रेज़ी में प्रभावी संचार का अर्थ है - बोलने, सुनने और समझने की दक्षता।

यह एक महत्वपूर्ण कौशल है, जिससे व्यक्ति अपनी बात को आत्मविश्वास और प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत कर सकता है। द्वितीय सत्र में बोंद कॉलेज, चरखी दादरी की मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर किरोस्ता ने साइकोलॉजिकल फर्स्ट एड विषय पर व्याख्यान दिया।

---

# अटके कार्यों को मिलेगी गतिः पिंकू

- शारीरिक शिक्षकों ने जिला शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी**

भिवानी के नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज द्वारा कार्यभार संभालने पर शारीरिक शिक्षकों ने उनके कार्यालय जाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान शारीरिक शिक्षकों ने नवनियुकत डीईओ का मिठाई खिलाकर उनका स्वागत किया।

इस दौरान शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू व सत्यवान कोच की अगुवाई में शिक्षा से जुड़ी गतिविधियों बारे भी चर्चा हुई। इस मौके पर शारीरिक शिक्षक विनोद पिंकू ने कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज एक अनुभवी अधिकारी है, जिनके अनुभव का निश्चित तौर पर जिला के विद्यार्थियों को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि पिछले लंबे समय से भिवानी में जिला शिक्षा अधिकारी का पद रिक्त होने की वजह से यहां पर शिक्षा संबंधी बहुत से कार्य अटके पड़े थे, लेकिन अब सुभाष भारद्वाज के डीईओ का पदभार ग्रहण करने के बाद उन अटके हुए कार्यो को गति मिलेगी, जिससे शिक्षा के स्तर में सुधार होगा। पिंकू ने कहा कि उन्हे पूरा विश्वास है कि जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज प्राथमिकता के तौर पर शिक्षा विभाग से जुड़े अटके हुए कार्यो को पूरा करेंगे तथा जिला में शैक्षणिक माहौल को बेहतर बनाने की दिशा में सराहनीय कदम उठाएंगे। ताकि बड़ी संख्या में विभाग से जुड़े कर्मचारियों व अधिकारियों को राहत मिलें।



भिवानी। जिला शिक्षा अधिकारी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### विभाग की ओर से लगातार हो रही चेकिंग

# अवैध खनन व बिना ई रवाना बिल वालों पर की जा रही कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी**

- नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही : जिला खनन अधिकारी

जिला में अवैध खनन रोकने सहित बिना ई रवाना बिल के निकलने वाले खनिज वाहनों पर कार्यवाही की जा रही है। जिला में दिन रात खनन विभागीय टीम जहां सड़कों पर मॉनिटरिंग कर रही है, वहीं नियमों की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है। इसी को लेकर ई रवाना नहीं होने पर दो ट्रैक्टरों को सीज कर दिया गया है और एक वाहन पर कार्रवाई के लिए इर्फोर्स्मेंट विंग को लिखा गया है।

जिला खनन अधिकारी रिंकू कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग की टीम खनन विभाग के महानिदेशक के एम पांडुरंग के निर्देशों पर मुस्तैदी से अपना दायित्व निभाते हुए हर पहलू पर फोकस कर रही है और निरन्तर जिला में अवैध खनन न हो इसकी जांच की जा रही है साथ ही जिला से निकलने वाले राष्ट्रीय व राज्य मार्गों सहित अन्य कनेक्टिविटी पर चैकिंग टीम द्वारा खनिज वाहनों की जांच की जा रही है।

रउन्होंने बताया कि अल सुबह भी उनकी टीम खनिज वाहनों की जांच कर कागजात आदि को चैक कर रही है। जिला खनन अधिकारी ने कहा कि जिला सहित पूरे प्रदेश में खनन विभाग की ओर से महानिदेशक के दिशा निर्देशों की अनुपालना करते हुए चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जहां अवैध खनन न हो इसकी गंभीरता से जांच की जा रही है वहीं कोई भी खनिज वाहन बिना ई रवाना बिल के जिला की सड़कों से न निकले इसकी पूरी मॉनिटरिंग हो रही है। दिन रात विभाग की टीम विभिन्न स्थानों पर सक्रियता से कार्य कर रही हैं। उन्होंने बताया कि विभाग की हर गतिविधियों को लिखित में विभाग के उच्चाधिकारियों को अवगत भी करवाया जा रहा है।





वाहनों के दस्तावेज जांच करते अधिकारी।